>

Title: Need to increase ambulance services in Nashik district, Maharashtra.

डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी) : सभापति महोदय, धन्यवाद । आपने मुझे अति महत्वपूर्ण मुद्दे को रखने का अवसर प्रदान किया । केन्द्र सरकार के नेशनल हेल्थ मिशन द्वारा गम्भीर रूप से पीड़ित मरीजों के तुरंत इलाज हेतु **108** एम्बुलेंस के जरिए, महाराष्ट्र के सभी जिलों में सेवा दी जाती है । विशेषकर अति दुर्गम और ट्राइबल एरियाज में इस सेवा का काफी लाभ मिलता है ।

महोदय, मेरे नासिक जिले के पेंत, कनासी, वनी, सढाना, पिम्पलगांव, ननासी क्षेत्र में यह सेवा कई दिनों से बंद है । वहां के मरीजों को तुरंत 108 एम्बुलेंस की जरूरत होती है । उन्हें एम्बुलेंस समय पर न मिलने से वे अस्पताल नहीं पहुंच पाते हैं । इसके कारण मरीजों की मृत्यु भी होती है । मैं आपके माध्यम से अनुरोध करती हूं कि हेल्थ मिनिस्ट्री इसकी समीक्षा करे और यह सेवा तुरंत शुरू की जाए और नासिक जिले में 108 एम्बुलेंसेज की संख्या बढ़ाई जाए ।